BED - 12

December - Examination 2015

B.Ed. Examination

Teaching of Hindi

हिंदी शिक्षण

Paper - BED - 12

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश :–

1) प्रश्न पत्र 'A', 'B' और 'C' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

Section - A

8 x 2 = 16

अति लघु उत्तर वाले प्रश्न (अनिवार्य)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1) (i) किसी मूर्ख व्यक्ति के लिए 'गधा' शब्द का प्रयोग शब्दों के अर्थ आधारित भेदों अभिधा, लक्षणा व व्यंजना में से किसका उदाहरण है?

(ii) जीन पियाजे के अनुसार आत्मसातीकरण तथा समाविष्टिकरण संज्ञानात्मक कार्यविधि के किस विशेषता की प्रक्रिया है?

(iii) ब्लूम द्वारा दिए गए शैक्षिक उद्देश्यों के वर्गीकरण के अनुसार संज्ञानात्मक पक्ष के प्रमुख भेद कौन से हैं?

(iv) किसे खेल शिक्षण पद्धति का प्रवर्तक माना जाता है?

(v) मातृभाषा से क्या तात्पर्य है? भारत में राजभाषा अधिनियम–1963 की किस धारा के अनुसार राज्य कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है?

(vi) जान कमेनियस के अनुसार भाषा शिक्षण के लिए कौन सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त है?

(vii) 'इस्की' नामक मानक कोडिंग प्रणाली किस संस्थान द्वारा विकसित की गई है?

(viii) भाषा प्रयोगशाला क्या है?

Section - B

4 x 8 = 32

(लघु उत्तर वाले प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

2) घोष तथा अघोष वर्णों को सोदाहरण स्पष्ट करें।

3) हिंदी शिक्षण में नवाचार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

4) पठन कौशल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

5) सहसंबंध क्या है? भाषा के उर्ध्वाधर तथा क्षैतिज सहसंबंध को स्पष्ट करें।

6) शिक्षण पद्धतियों एवं उपागमों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

7) हिंदी विषय के शिक्षण के लिए प्रोजेक्ट या योजना विधि का प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है?

8) हिंदी भाषा के विकास में दूरदर्शन की भूमिका को आप कितना महत्वपूर्ण मानते हैं? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करें।

9) किसी छात्र द्वारा की जा रही वर्तनी की अशुद्धियों को ठीक करने के लिए आप किस प्रकार से उपचारात्मक शिक्षण करेंगें?

Section - C

2 x 16 = 32

(दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आपको अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित करना है। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) ब्लूप्रिंट क्या है तथा यह क्यों आवश्यक है? किसी कक्षा के हिंदी प्रश्न पत्र के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करें। (6 + 10)

11) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें। किसी कक्षा के हिंदी प्रश्नपत्र के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के इन प्रत्येक प्रकारों से संबंधित दो–दो प्रश्न बनाएँ। (6 + 10)

12) मातृभाषा के पाठ्य–पुस्तक की रचना के प्रमुख सोपानों का वर्णन करें। प्रत्येक सोपान के महत्व को भी स्पष्ट करें। (6 + 10)

13) 'आधुनिक संचार के साधन हिंदी के स्वरुप को बिगाड़ रहे हैं' इस कथन के पक्ष या प्रतिपक्ष में तर्क प्रस्तुत करें। (16)

———